/167995/2023

संख्या– 1216 /XXIV-C-1/2023-12(12)/2022

प्रेषक,

ब्योमकेश दूबे,
उप सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

कुलसचिव,
कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल/
श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय,
बादशाहीथौल टिहरी गढ़वाल/
सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा।

उच्च शिक्षा अनुभाग–1 (समर्थ पोर्टल) देहरादून, दिनांकः 09 नवम्बर, 2023

विषय–शैक्षणिक सत्र 2023–24 हेतु स्नातकोत्तर व व्यावसायिक कक्षाओं की प्रवेश प्रक्रिया की तिथि विस्तारण विषयक।

महोदय,

उपरोक्त विषयक शासन के पत्रांक 1143/XXIV-C-1/2023-12(12)2022, दिनांक 25 अक्टूबर,2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें शैक्षणिक सत्र 2023–24 के स्नातकोत्तर व व्यावसायिक कक्षाओं की प्रवेश प्रक्रिया समर्थ प्रवेश पोर्टल के माध्यम से सम्पादित कर अंतिम तिथि 30 अक्टूबर,2023 निर्धारित की गयी थी।

2. शासन के संज्ञान में आया है कि अभी भी कई महाविद्यालयों में विद्यार्थी स्नातकोत्तर व व्यावसायिक कक्षाओं में प्रवेश से वंचित रह गये हैं, जिसके लिए प्रवेश पंजीकरण एवं सत्यापन की अंतिम तिथि विस्तारित हेतु निवेदन किया गया है। तदक्रम में सम्यक विचारोपरान्त समर्थ पोर्टल के माध्यम से स्नातकोत्तर व व्यावसायिक कक्षाओं के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश प्रक्रिया हेतु अंतिम तिथि विस्तारित करने का निर्णय लिया गया है।

3. उक्त के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्ययनरत् छात्रों के हित में स्नातकोत्तर व व्यावसायिक कक्षाओं हेतु समर्थ पोर्टल पर प्रवेश पंजीकरण की अंतिम तिथि को निम्नवत विस्तारित किया जाता है–

विद्यार्थियों द्वारा पोर्टल पर ऑनलाईन पंजीकरण की विस्तारित अंतिम तिथि	15 नवम्बर,2023
विश्वविद्यालय/महाविद्यालय द्वारा प्रवेश प्रक्रिया मेरिट, काउंसलिंग, शुल्क भुगतान तथा किये गये प्रवेशों को समर्थ पोर्टल पर ऑनलाईन सत्यापित करने की अंतिम तिथि	20 नवम्बर,2023

4. कृपया समस्त विश्वविद्यालय/ महाविद्यालय उक्त तिथिनुसार स्नातकोत्तर व व्यावसायिक की प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न कराना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय

Signed by Byomkesh Dubey
Date: 09-11-2023 12:42:43

(ब्योमकेश दूबे)
उप सचिव।

पृ0सं0:– 1216 (1)/XXIV-C-1/2023-12(12)/2022, तद्दिनांक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

(1) निजी सचिव–सचिव उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।

(2) निजी सचिव–मा0 कुलपति, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल/श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय/सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा।

(3) निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय, हल्द्वानी, उत्तराखण्ड (नैनीताल)।

(4) श्री संजीव सिंह, प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर–समर्थ टीम, नई दिल्ली को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त कार्य में उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड में समर्थ पोर्टल कार्मिकों को सहयोग प्रदान करें।

आज्ञा से,

Signed by Deepak Kumar
Date: 09-11-2023 12:52:51

(दीपक कुमार)
अनु सचिव।